## Headline

1. Assembly Election: निर्वाचन आयोग की आज 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस, विधानसभा चुनाव की तारीखों का हो सकता है एलान
2. Paris Olympics: PM मोदी ने भारतीय दल से की मुलाकात, लक्ष्य से कहा- तुम सेलिब्रिटी बन गए हो, मनु की भी तारीफ की
3. Kolkata Case LIVE: आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ के 19 आरोपी गिरफ्तार, पांच की सोशल मीडिया से हुई पहचान
4. कोलकाता में आंदोलनकारी डॉक्टरों से मारपीट: BJP नेता की गृह सचिव को चिट्ठी, अस्पताल में CAPF की तैनाती की मांग
5. PM Modi-Sreejesh: पीआर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने की 'सरपंच साहब' की तारीफ


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

Happy Independence Day

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 35 | इंदौर, शुक्रवार 16 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# ट्रक ने 5 कारों को टक्कर मारी कंटेनर से भिड़ा

## हादसे के बाद दोनों वाहनों में लगी आग, फोरलेन पर लगा जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धामनोद। धार में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक के बाद एक 5 कारों को टक्कर मारी, फिर एक कंटेनर से जा टकराया। टक्कर के बाद ट्रक और कंटेनर में आग लग गई। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे धामनोद के गणपति घाट पर फोरलेन हाईवे पर हुआ। इसमें 5 से 7 लोग घायल हो गए, जिन्हें मानपुर के अस्पताल ले जाया गया है।**

बताया जा रहा है कि ट्रक इंदौर की ओर से आ रहा था। तभी वह अनियंत्रित हो गया। ट्रक की चपेट में आने से पांचों का बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। घटना की जानकारी लगते ही काकड़दा और धामनोद पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। सूचना पर धामनोद, महेश्वर और मानपुर से फायर ब्रिगेड के वाहन भी पहुंचे। जिन्होंने ट्रक और कंटेनर में लगी आग बुझाई।

काकड़दा चौकी प्रभारी मिथुन चौहान ने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने से वह 5 कारों को टक्कर मारते हुए कंटेनर से टकरा गया। हादसे के बाद जाम लग गया। जिसे पुलिस ने खुलवाया और फिर से ट्रैफिक शुरू करवाया। घटना के बाद दोनों वाहनों के ड्राइवर मौके से फरार हो गए।

### 4 घायलों को इंदौर रेफर किया

हादसे में घायल 4 लोगों को मानपुर के अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया है। इनमें नीलू (30) पति चेतन निवासी राऊ इंदौर, रिया (18) पिता जगदीश निवासी राऊ इंदौर, शिवराम (55) निवासी खरगोन, चेतन (35) पिता शिवराम निवासी खरगोन शामिल हैं।



### ट्रक में गेहूं भरा हुआ था

धामनोद थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाहा ने बताया कि जो ट्रक अनियंत्रित होकर कारों को टक्कर मारता चला गया, उसमें गेहूं भरा था और जिस कंटेनर को ट्रक ने टक्कर मारी उसमें अमेजन और फ्लिपकार्ट कंपनियों के डिलीवरी पार्सल थे।

### 2 अगस्त को भी दो ट्रकों में टक्कर से लगी थी आग

2 अगस्त को भी राऊ खलघाट के गणपति घाट पर दो ट्रकों में टक्कर के बाद आग लगने की घटना हो गई थी। रात करीब 1 बजे इन दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत हुई थी। रात में आग बुझ गई थी, लेकिन सुबह फिर भड़क उठी थी।

### ढलान से हो रहे हादसे, इसे हटाने का हो रहा काम

धार के राऊ खलघाट के गणपति घाट पर ढलान होने से हादसे हो रहे हैं। दरअसल, ढलान होने से वाहन चालक गाड़ी को न्यूट्रल कर देते हैं। इससे वाहनों की स्पीड बढ़ जाती है और वे अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। अब इस कारण को खत्म करने पर काम हो रहा है। यहां पिछले डेढ़ साल से सड़क निर्माण का काम किया जा रहा है। इसे पूरा होने में अभी 6 महीने और लगेंगे। सड़क बनने के बाद हादसों पर लगाम लग सकेगी।

# जिले में पूर्ण गरिमा, उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मुख्य समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में स्वतंत्रता दिवस आज देशभक्ति के जज्बे, जोश और जुनून के साथ मनाया गया। इंदौर के महेश गार्ड लाइन स्थित सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में पूर्ण गरिमा, उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ आयोजित मुख्य समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में अपार उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय धुन के बीच जवानों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय महापर्व पर जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

**मंत्री जी ने किया खुली जीप से परेड का निरीक्षण-** मुख्य समारोह में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा पुलिस आयुक्त श्री राकेश गुप्ता भी थे। समारोह में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। समारोह में सशस्त्र बलों ने स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारों के बीच हर्ष फायर किये। खुले आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़े गये।

**14 दलों ने प्रस्तुत की आकर्षक परेड-** समारोह में 14 दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इनमें सीमा सुरक्षाबल, आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी, 15वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल(पुरूष), जिला पुलिस बल (महिला), नगर सेना, यातायात पुलिस, एनसीसी (महिला), स्काउट, गाईड, आरआई ग्रुप, सृजन दल, शौर्या दल शामिल हैं। परेड का नेतृत्व आईपीएस श्री



कृष्ण लालचंदानी ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार श्री काजिम रिजवी ने किया। समारोह में प्रथम वाहिनी का बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

**बच्चों ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां-** समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान शासकीय सीएम राईज स्कूल अहिल्या आश्रम क्रमांक- एक, श्री जी इंटरनेशनल तथा गरिमा विद्या मंदिर के विद्यार्थी देश भक्ति तथा लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी।



परेड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को भी पुरस्कृत किया गया। परेड के “अ” वर्ग में प्रथम स्थान बीएसएफ और द्वितीय स्थान प्रथम वाहिनी को दिया गया। “ब” वर्ग में प्रथम स्थान जिला यातायात को और द्वितीय स्थान एनसीसी को प्राप्त हुआ। इसी तरह “स” वर्ग में प्रथम बीएसएफ और द्वितीय प्रथम वाहिनी बैंड को दिया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। शासकीय सीएम राईज स्कूल अहिल्या आश्रम क्रमांक- एक को प्रथम, गरिमा विद्या मंदिर को द्वितीय तथा श्री जी इंटरनेशनल स्कूल को तृतीय स्थान मिला।

समारोह में जिले में वर्षभर में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

**साउथ कोरिया के दल ने भी देखा इंदौर का स्वतंत्रता दिवस समारोह-** मध्यप्रदेश के भ्रमण पर आया साउथ कोरिया का दल इंदौर पहुंचा। दल के सदस्य आज महेश गार्ड लाईन पहुंचे। उन्होंने यहां आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को देखा। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कोरिया और भारत की ज्वाइंट वेंचर कंपनी मरकबा ईसीडीएस का उक्त प्रतिनिधि मंडल प्रदेश में विभिन्न सेक्टरों में निवेश योजनाओं के संबंध में प्रदेश के भ्रमण पर आया हुआ है। मरकबा ईसीडीएस कम्पनी द्वारा प्रथम चरण में लगभग 20 प्रोजेक्टस में 2 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे 25 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इंदौर आये इस प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री जोओंग जोंग चेओल, खवांग ओन रेह्यू, जूनव्ही जो, गेल खांग, जुनसंग ली और वोसिओक चंग और श्री राजेश भारद्वाज उपस्थित थे।

# कर्मा तू मेरा कर्मा तू

## किड्स बी प्ले स्कूल ने निकाली तिरंगा यात्रा



### नन्हे मुन्ने बच्चों ने रास्ते भर लगाए देश भक्ति के उदघोष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ए वतन जानेमन... माँ तुझे सलाम... ए मेरे वतन के लोगो...कर्मा तू मेरा कर्मा तू... सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी... जैसे देश भक्ति से ओतप्रोत गीत रास्ते भर गुजते रहे। मौका था किड्स बी प्ले स्कूल द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा। यात्रा में बड़ी सँख्या में नन्हे मुन्ने बच्चे थे, जिनके हाथो में तिरंगे थे, जो रास्ते भर भारत माता की जय, वंदे मातरम के उदघोष लगाते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा नंदलालपुरा स्थित स्कूल से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई पुनः किड्स बी प्ले स्कूल पहुंची। यात्रा में बच्चों का जोश देखते ही बनता था। लोगो ने फूल बरसा कर यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर किड्स भी इस प्ले स्कूल की संचालक प्रिंसिपल सरिता शर्मा ने कहा कि भारत को यह आजादी बड़ी मुश्किल से मिली। कई देशभक्तों को अपना सर्वस्व होम करना पड़ा। बच्चों को इस से सीख लेनी चाहिए। इसीलिए हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।





# स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर अंधेरे में डूबे रहे शासकीय कार्यालय एवं शासकीय स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर**। एक और जहां देश स्वाधीनता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ मना रहा था वही शासन के आदेश थे की सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों पर विद्युत् रौशनी की जाए लेकिन नगर के डाक बंगले के पास प्राथमिक विद्यालय क्रमांक एक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय इंदौर रोड स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं चमन चौराहा स्थित उन्नत शासकीय माध्यमिक विद्यालय अंधेरे में डूबे रहे इन संस्थाओं के करता धर्ता अधिकारी यूं तो छात्र-छात्राओं शिक्षण संस्थानों में स्वाधीनता दिवस के बारे में बहुत उपदेश देते रहते हैं लेकिन स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष में और वह संध्या पर कार्यालय पर रोशनी नहीं करना बड़ी लापरवाही मानी जाएगी क्या इन अधिकारियों को यह मालूम नहीं की नगर के एवं प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों पर राष्ट्रीय पर्व पर रोशनी से सजाया जाता है इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए वैसे तो विकासखंड शिक्षा अधिकारी यूं भी कार्यालय में देरी से आते हैं एवं छुट्टियों के लिए कैलेंडर पर ज्यादा ध्यान देते हैं की कब संस्था से गायब होकर छुट्टी मनायेंगे। वैसे तो नगर की कई शासकीय कार्यालय को बहुत ही सुंदर तरीके से विद्युत रोशनी से सजाया गया था लेकिन कोऑपरेटिव बैंक क्षेत्री या मालवा निमाड़ ग्रामीण बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया के भवनों पर भी रोशनी नहीं की गई थी शायद इन्हें भी राष्ट्रीय पर्व की ध्यान नहीं।




स्कूली छात्रों में मारपीट

## जूनियर ने सीनियर छात्र को घेरकर मारा, सिर में गंभीर चोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में एक निजी स्कूल के छात्रो में कहासुनी हो गई। यहां जूनियर छात्रों ने स्कूल से बाहर निकलते ही सीनियर छात्र के सिर पर बाल्टी से हमला कर दिया।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक मामला द न्यू ईरा पब्लिक स्कूल का है। यहां अभिषेक कदम 12वीं क्लास में है। अभिषेक की शिकायत पर 10वीं में पढऩे वाले छात्रों पर केस दर्ज किया है। अभिषेक ने बताया कि 10वीं का छात्रा स्कूल की बाथरूम में शोर कर रहा था। उसने कहा कि सर बाहर खड़े हैं शोर मत करो।

जूनियर छात्र इस दौरान अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। स्कूल की छुट्टी होने के बाद छोटा बांगड़दा रोड पर जूनियर छात्र और उसका साथी मिला। यहां दोनों अपशब्द कहने लगे। इस बीच एक लडक़े ने सिर पर बाल्टी मार दी। इससे अभिषेक के सिर में गंभीर चोट आई। आरोपी छात्रों ने धमकी दी कि आगे से उसे रोकटोक की तो ठीक नहीं होगा। अभिषेक खून से लथपथ घर पहुंचा। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। यहां से पुलिस ने बयान के बयान केस दर्ज कर लिया है।



# कोलकाता रेप-मर्डर केस का इंदौर में विरोध

## एमवायएच में जूनियर डॉक्टरों ने काम बंद किया

### कल सभी निजी-सरकारी ओपीडी बंद रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस को लेकर इंदौर के जूनियर डॉक्टरों में आक्रोश है। जूडॉ ने शुक्रवार सुबह एमवाय अस्पताल के मेन गेट पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। छात्र-छात्राओं ने हत्यारों को फांसी दो, वी वांट जस्टिस, प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी हाय-हाय के नारे लगाए।

इंदौर डॉक्टर हडताल अपडेटेमजूडा अध्यक्ष डॉ. नयन जैन ने बताया कि यहां 700 से ज्यादा जूनियर डॉक्टर हडताल पर हैं। जूनियर डॉक्टर रुटिन काम नहीं कर रहे हैं। हमें सीनियर रेजीडेंट डॉक्टरों का भी समर्थन है।



जूनियर डॉक्टर्स और आईएमए ने एमवाय अस्पताल के गेट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 2 बजे तक इमरजेंसी केस ही देखेंगे। शाम 7 बजे कैंडिल मार्च निकालेंगे।

बता दें सोमवार से एमजीएम मेडिकल कॉलेज और एमवायएच के डॉक्टर सिर्फ इमरजेंसी केस में इलाज कर रहे हैं। बुधवार शाम को मांगों पर कार्रवाई के आश्वासन पर जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल से लौटने पर सहमति जताई थी। लेकिन बुधवार रात कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों के साथ हुई हिंसा के बाद अब आंदोलन और तेज हो गया। देर रात प्रदर्शनकारियों के साथ हुई हिंसा के बाद इंदौर में मध्य प्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने गुरुवार को एमजीएम डीन को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्र के नाम ज्ञापन सौंप कर सभी रूटीन चिकित्सा कार्य बंद करने का ऐलान किया है। मध्य प्रदेश में जूनियर डॉक्टर द्वारा केवल इमरजेंसी सेवाएं दी जाएंगी। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर अग्र आंदोलन करने की बात कही है।

### इन मांगों के साथ सौंपा ज्ञापन

1. उचित सबूतों के साथ अगले 48 घंटों के भीतर सभी दोषियों की गिरफ्तारी हो।
2. लिखित माफी और उच्च अधिकारियों (पूर्व प्राचार्य, एमएसवीपी, छात्र मामलों के डीन, एचओडी, चेस्ट मेडिसिन, सहायक) के इस्तीफे का आदेश हो।
3. स्थल को तुरंत सील करने का आदेश दें।
4. मुआवजे की घोषणा की जाए।
5. सभी मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त सुरक्षा के उपाय हो।
6. कोलकाता पुलिस द्वारा मेडिकल छात्रों और जूनियर डॉक्टरों पर किए गए हमले के लिए सार्वजनिक माफी।

## मोबाइल दुकान कर्मचारी ने दी जान

इंदौर। पंढरीनाथ इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यश (20) पुत्र चंद्रशेखर बम्बीवाल निवासी हरसिद्धि ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। बताया जाता है कि यश को रात करीब 10.30 बजे के लगभग घर वालो ने फंदे पर लटके हुए देखा था। यश जेल रोड मार्केट की मोबाइल दुकान पर जॉब करता है। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक यश के पिता ऑटो ड्राइवर हैं। वहीं भाई नगर निगम में एनजीओ में पदस्थ है। यश के सुसाइड को लेकर परिवार को कोई जानकारी नहीं है।

# होस्टल संचालक से मांगे 10 लाख

### क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बन कर धमकाया, पहचान के बाद कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ में होस्टल संचालक को 10 लाख रुपए के लिए धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बन संचालक को रोका था। पुलिस इस मामले में तफ्तीश करती रही। आरोपी की पहचान होने के बाद मामले में केस दर्ज किया है।

पुलिस ने देव रघुंवशी की शिकायत पर लोकेश राजपूत और उसके साथी पर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों ने रास्ते में रोककर ट्रेडिंग का काम बताते हुए 10 लाख रुपए की मांग की। देव मूल रूप से विदिशा का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह यहां एमपीपीएससी की तैयारी करने के साथ गर्ल्स होस्टल और लाइब्रेरी का संचालन करता है। 6 अगस्त को वह अपने दोस्त अंकित यादव के साथ बाइक पर कलर पेंट खरीदने गया। जब वह गणेश नगर से शिवमपुरी कॉलोनी के लिये जा रहे थे तो रास्ते में बाइक पर दो लडक़े आए। उन्होंने आते ही चेकिंग की। एक आरोपी ने अपना नाम लोकेश राजपूत बताया। हमें पुलिस डिपार्टमेंट की धमकी दी। मारपीट करने लगे। दोस्त और आसपास के लोगों ने बचाव किया। देव ने बताया कि वह धमकी से डरकर विदिशा चले गया। वहां परिवार को पूरी जानकारी दी और मामले में केस दर्ज कराया। पूरे मामले में नकली पुलिस की भूमिका की बात सामने आ रही है। आरोपियों को ट्रेस करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

### आग में खाक हुई बाइक

**इंदौर**। राजबाड़ा इलाके में बुधवार दोपहर एक बाइक में अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करते रहे लेकिन थोड़ी ही देर में पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। फायर बिग्रेड की टीम के मुताबिक घटना बुधवार दोपहर में राजबाड़ा से कृष्णपुरा रोड़ की है।

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में युवक की करंट लगने से मौत, सीएम ने दी चार लाख की सहायता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह जिले के तहसील ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में फ्लावर डेकोरेशन का काम करने वाले कर्मचारी की गुरुवार दोपहर करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा कार्यक्रम खत्म होने के बाद हुआ। जिला प्रभारी मंत्री रामनिवास रावत ने इस घटना पर दुख जताया और मुख्यमंत्री ने तत्काल परिजनों को चार लाख की सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए।



जानकारी के अनुसार दमोह के तहसील ग्राउंड मैदान में 15 अगस्त समारोह का आयोजन किया गया था। जिले के प्रभारी मंत्री रामनिवास रावत ध्वजारोहण करने दमोह पहुंचे थे। बारिश के बीच यहां परेड की सलामी ली गई थी। आयोजन स्थल पर फ्लावर डेकोरेशन किया गया था। गुरुवार दोपहर कार्यक्रम खत्म होने के बाद यहां की गई डेकोरोशन को कलकत्ता हाल निवासी दमोह प्रशांत पिता अनिल बंगाली निकाल रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया। वहां मौजूद अन्य लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया गया है और परिजनों को सूचना दे दी है।

मृतक के परिजनों के आने के बाद आज शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। घटना की जानकारी लगने पर मप्र शासन के वन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री रामनिवास रावत ने घटना पर दुख जताया। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भी घटना को दुखद बताते हुए तत्काल परिजनों को चार लाख की सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए।

# शाजापुर में नेशनल हाईवे पर एक-एक कर भिड़े तीन ट्रक

## दर्दनाक हादसे में दो की मौत, चार घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**शाजापुर**। शाजापुर जिले में शुक्रवार सुबह 4:30 बजे नेशनल हाईवे पर करेड़ी नाके के पास गोवंश को बचाने में दर्दनाक हादसा हो गया। जहां, दो आईसर और एक ट्रक आपस में टकरा गया। हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। वहीं, हाईवे पर बैठी दो गायों की भी हादसे में जान चली गई। हालांकि, गोवंश को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक



लगाए इससे पीछे आ रहा दूसरा वाहन उससे टकरा गया, जिसके बाद तीसरा वाहन उससे भीड़ गया। हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया।

घटना की सूचना मिलते ही यातायात और लालघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लालघाटी थाना टीआई अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। चार अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। क्षतिग्रस्त वाहनों को फोरलेन से हटाकर यातायात शुरू किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## संपादकीय

# बड़े हादसे होने पर भी नहीं ले रहे सबक

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में वैसी चूक न दोहराई जाए और जानमाल का नुकसान होने से बचाया जा सके। मगर धार्मिक आयोजनों में अक्सर होने वाले हादसों के बावजूद सावधानी बरतना, आयोजन और प्रबंधन के स्तर पर सुचिंतित इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन किसी धार्मिक जमावड़े या फिर मंदिरों में पूजा के लिए पहुंचे लोगों के बीच किसी वजह से अचानक भगदड़ मच जाती है और कई लोगों की जान चली जाती है। गौरतलब है कि रविवार की रात बिहार के जहानाबाद जिले में सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर में अचानक भगदड़ मच गई और उसमें दब कर सात लोगों की जान चली गई। बाईस लोग घायल हो गए। ऐसा नहीं था कि वहां भारी संख्या में लोग अचानक ही पहुंच गए और अव्यवस्था फैल गई। जो खबरें आई, उससे यही लगता है कि वहां स्थानीय दुकानदारों के बीच झड़प से निपटने में पुलिस ने परिपक्वता नहीं दिखाई। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब हाथरस के एक धार्मिक जमावड़े में मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोग मारे गए थे। देश के अलग-अलग इलाकों से ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। विडंबना है कि इन हादसों से कोई सबक लेने की जरूरत नहीं समझी जाती। न तो किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक अपने स्तर पर सुरक्षा इंतजाम की पुख्ता व्यवस्था करते हैं और न ही भीड़ जमा होने की आशंका के बावजूद सरकारी महकमे इस पहलू पर ठोस और स्पष्ट रुख अपनाते हैं। कई बार लोगों की इतनी भारी तादाद जमा हो जाती है कि कभी भी हादसे की आशंका बनी रहती है।सवाल है कि भगदड़ की स्थिति बनने और उसे न रोक पाने के लिए क्या कभी सरकार की ओर से जिम्मेदारी ली जाती है? क्या ऐसी जगहों पर जमावड़ा होने पर संबंधित मंदिर या कार्यक्रम के आयोजकों को पहले ही सावधानी बरतने के निर्देश दिए जाते हैं? किन्हीं वजहों से भगदड़ मच जाने और उसमें कई लोगों की जान जाने के बाद प्रशासन का सक्रिय होना विचित्र लगता है, जबकि समय रहते सावधानी बरती जाए तो ऐसी त्रासदी से बचा जा सकता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*सियह-बख़्ती में कब कोई*
*किसी का साथ देता है*
*कि तारीकी में साया भी*
*जुदा रहता है इंसाँ से*

*- इमाम बख़्श नासिख़*



isha

*मिट्टी के संपर्क में होना यह याद दिलाता है कि आपका शरीर बस मिट्टी ही है। इसे कभी मत भूलिए।*

*- जग्गी वासुदेव*

## महिला जगत

# भारत छोड़ो आंदोलन की 5 महिला योद्धा, आजादी की जंग में थी अहम भूमिका

भारत में आजादी की मांग को लेकर हो रहे आंदोलन में अगस्त क्रांति की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 9 अगस्त 1942 को अगस्त क्रांति की याद के तौर पर मनाया जाता है। इसी दिन भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई थी। इस क्रांति को अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है। दरअसल, द्वितीय विश्व युद्ध में समर्थन के बावजूद अंग्रेज भारत को स्वतंत्र करने के लिए तैयार नहीं हुए तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई। इसे आजादी की अंतिम जंग कह सकते हैं, जिसके बाद ब्रिटिश हुकूमत दहशत में आ गई। इस आंदोलन में महात्मा गांधी के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण समेत स्वतंत्रता संग्राम के महान नेताओं ने हिस्सा लिया। भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं की भूमिका भी अहम रही। अगस्त क्रांति का हिस्सा बनने वाली पांच महिला आंदोलनकारियों के बारे में भी जानना चाहिए।



## अगस्त क्रांति की 5 आंदोलनकारी महिला योद्धा

### अरुणा आसफ अली

नमक सत्याग्रह के दिनों से ही अरुणा आसफ अली स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थीं लेकिन उन्हें पहचान 9 अगस्त 1942 को मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में बनी, जब सभी नेताओं की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह का नेतृत्व किया। सितंबर 1942 को दिल्ली प्रशासन ने अरुणा आसफ से आत्मसमर्पण के लिए कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इस कारण उनका घर, संपत्ति समेत सब कुछ नीलाम कर दिया गया।

### मातंगिनी हाजरा

मातंगिनी हाजरा बंगाल के मिदनापुर की रहने वाली थीं। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम किया। 73 साल की मातंगिनी हाजरा के नेतृत्व में 6 हजार प्रदर्शनकारियों ने तामलुक स्टेशन तक मार्च किया। प्रदर्शन के दौरान जब वह तामलुक में लालबाड़ी पर कब्जा करने गई तो पुलिस गोलीबारी में शहीद हो गईं। उन्होंने भगिनी सेना की स्थापना की थी।

### सरोजिनी नायडू

नमक सत्याग्रह के दौरान गांधी जी और अन्य नेताओं की गिरफ्तारी के बाद सरोजिनी नायडू ने सत्याग्रहियों का नेतृत्व किया। भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुई और इस दौरान गिरफ्तार होने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थीं। उन्हें पुणे के आगा खां महल में रखा गया था। 10 महीने की जेल के बाद वह रिहा हुई और राजनीति में सक्रिय हुईं। आजादी के बाद वह उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल बनीं। मार्च 1949 में अपने कार्यकाल के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई।

### मीराबेन

मैडलिन स्लेड नाम की महिला ब्रिटेन के कुलीन परिवार से ताल्लुक रखती थी। गांधी जी से प्रभावित होकर वह भारत आईं और यहीं की होकर रह गईं। नाम बदला तो मीराबेन के नाम से पहचान मिली। वह गांधी जी के साथ हर आंदोलन में शामिल हुईं। खादी के प्रचार के लिए पूरे देश की यात्रा की। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मीराबेन गांधी जी के साथ गिरफ्तार हुईं। 21 महीने तक कैद रहीं। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश सरकार की ग्रो मोर फूड अभियान की सलाहकार बनीं।

### सुचेता कृपलानी

लिया और जेल गईं। 1943 में जब कांग्रेस में महिला विभाग की स्थापना हुआ तो सुचेता कृपलानी को सचिव बनाया गया। स्वतंत्र भारत में उत्तर प्रदेश की विधानसभा सदस्य और बाद में लोकसभा सदस्य बनीं। 1963 में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं और भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव उन्हें मिला।

इसके अलावा सुशीला नायर, उषा मेहता, कमला देवी चट्टोपाध्याय, पूर्णिमा बनर्जी, कनकलता बरुआ और तारा रानी श्रीवास्तव समेत कई महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

New Delhi

# ISRO ने कर दिखाया कमाल, लॉन्च किया SSLV मिशन का अंतिम रॉकेट; सोमनाथ ने बताया इसका काम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन का तीसरा और अंतिम रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। SSLV-D3 ने EOS-08 को कक्षा में सटीक रूप से स्थापित किया। इसरो के लिए यह बड़ी सफलता है। उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के बाद अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ ने एसएसएलवी के विकास कार्य के पूरा होने की घोषणा की।



इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि छोटे-लिफ्ट लॉन्च व्हीकल, एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 की तीसरी और अंतिम उड़ान सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि रॉकेट ने अंतरिक्ष यान को ठीक उसी कक्षा में स्थापित कर दिया है, जैसा कि योजना बनाई गई थी। इंजेक्शन स्थितियों में कोई विचलन नहीं हुआ। अंतरिक्ष एजेंसी ने पहले घोषणा की थी कि प्रक्षेपण 15 अगस्त को होगा।

इसरो ने एक बयान में बताया कि ईओएस-8 अभियान का प्राथमिक उद्देश्य सूक्ष्म उपग्रह का डिजाइन तैयार करना, पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के उपग्रहों के लिए आवश्यक नयी प्रौद्योगिकियों को शामिल करना हैं। इसरो ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान के मिशन की अवधि एक वर्ष है। इसका वजन लगभग 175.5 किलोग्राम है और यह लगभग 420 वॉट की शक्ति उत्पन्न करता है।

Uttarpradesh

करोड़ों की अवैध ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का भंडाफोड़

## यूपी STF और FSDA ने 2 को किया गिरफ्तार



**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (FSDA) और एसटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने संयुक्त कार्रवाई में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की करोड़ों की बरामदगी की है. मामले में अभियुक्त अनमोल पाल एवं दिनेश पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. साथ ही मुख्य सरगना तक पहुंचने के लिए पूछताछ भी की जा रही है.

इस संबंध में खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बयान भी जारी किया है. उन्होंने कहा कि कई दिनों से इस बारे में सूचना मिल रही थी. वहीं, गुरुवार को सूचना के आधार पर लखनऊ के बंगला बाजार चौराहे से तेली बाग जाने वाली सफेद रंग की UP 32 GR 9609 नंबर की स्कॉर्पियो की तलाशी ली गई. इस दौरान गाड़ी के अंदर ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की खेप पायी गई. आरोपी से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कमरे के अंदर भी माल रखा हुआ है. इस पर जब टीम ने पहुंचकर देखा तो वहां 30 बॉक्स एवं 06 बोरी का (2,67,000 एम्पुल, 12,627 वायल 30 एमएल, 1260 वायल 100 एमएल) भंडारण पाया गया.

Jharkhand

## मशरूम खाकर एक ही परिवार के 8 लोग पहुंचे अस्पताल, एक की हालत गंभीर; डॉक्टर ने क्या बताया

**हजारीबाग, (एजेंसी)** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक ही परिवाक के आठ सदस्य जिसमें छह महिलाएं हैं, अस्पताल में भर्ती हैं। यह सभी जंगली मशरूम से बनी मिठाई खाने के बाद बीमार पड़ गए। बुधवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना 12 अगस्त को बड़कागांव प्रखंड के अंबेडकर मोहल्ला में हुई। बड़कागांव के प्रखंड विकास अधिकारी बी राम ने बताया कि परिवार के सभी आठ सदस्यों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) रेफर कर दिया गया है।

एसबीएमसीएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि उनमें से एक की हालत गंभीर हो गई, जिसके बाद मरीज को रांची के एक अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एसबीएमसीएच में भर्ती मरीज ठीक हो गए हैं और खतरे से बाहर हैं। भर्ती मरीजों के नाम- कपूर देवी, बिरेंद्र राम, दौलती देवी, बिंदिया कुमारी, बीना कुमारी, नागिया देवी, ललिता देवी, अरविंद राम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मशरूम खाने के बाद सभी को उल्टी और बेहोशी होने लगी। आनन-फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया।

New Delhi

## जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में आज होगा तारीखों का ऐलान, घाटी में धारा 370 हटने के बाद पहला विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत निर्वाचन आयोग आज दोपहर तीन बजे एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस करने जा रहा है जिसमें जम्मू-कश्मीर के चुनावी कार्यक्रम का ऐलान होगा. इसके अलावा आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भी तारीखों का ऐलान होगा. 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे. हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू कश्मीर और हरियाणा के अधिकारियों के साथ इस संबंध में मीटिंग भी की थी.**

हरियाणा की बात करें यहां विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं. वर्तमान में तीन सीटें खाली हैं. बीजेपी के 41 विधायक हैं. कांग्रेस के 29, जेजेपी के 10 और INLD और HLP के एक-एक विधायक हैं. सदन में पांच निर्दलीय विधायक हैं.

2019 में धारा 370 खत्म कर दिये जाने के बाद जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित क्षेत्र बना दिया गया था. तभी से वहां के राजनीतिक दल लगातार राज्य का दर्जा वापस दिये जाने की मांग कर रहे थे. सरकार की तरफ से बार बार यही कहा जा रहा था कि पहले चुनाव होंगे और उसके बाद ही राज्य का दर्जा वापस मिलेगा. चुनाव आयोग के सूत्रों की मानें तो केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में तीन से चार चरणों में मतदान कराया जा सकता है. सितंबर में मतदान की प्रक्रिया पूरी करा इसी महीने के अंत तक चुनाव नतीजों का ऐलान किया जा सकता है.

खेल

# दलीप ट्रॉफी के लिए चार टीमों का एलान, गिल-ईश्वरन और ऋतुराज-श्रेयस करेंगे कप्तानी

**मुंबई, (एजेंसी)** सीनियर स्टार खिलाड़ी जैसे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन को बेंगलुरु में पांच सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में खेलने से छूट मिली है। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने इस प्रतियोगिता के लिए चार टीमों का एलान करते हुए घरेलू मुकाबलों में प्रदर्शन करने वाले और संभावित प्रतिभाओं के बीच बढ़िया संतुलन बनाया है। वहीं, ईशान किशन की भी घरेलू टूर्नामेंट में वापसी हुई है। वह बतौर विकेटकीपर खेलते नजर आएंगे। ईशान को पिछले सत्र में आईपीईएल को प्राथमिकता देने और रणजी ट्राफी टूर्नामेंट में नहीं खेलने के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंधित सूची से हटा दिया गया था।

इस टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्टार जैसे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, आल राउंडर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और



तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खेलते नजर आएंगे। टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी चुना गया है जिन्होंने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। सूर्यकुमार के अलावा अन्य ने टीम में जगह पक्की कर ली है। भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य विकेटकीपर ऋषभ पंत भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। 2022 में हुई कार दुर्घटना से वापसी के बाद यह उनका पहला लाल गेंद वाला टूर्नामेंट होगा।

भारत की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में अहम भूमिका निभाने वाले सरफराज खान और ध्रुव जुरेल के अलावा विकेटकीपर आर्यन जुयाल और अभिषेक पोरेल भी टीमों में शामिल होंगे। भारतीय खिलाड़ियों का केवल एक ही मैच खेलना था इसलिये कोहली, रोहित, बुमराह और अश्विन को छूट दी गई।

सूर्यकुमार टूर्नामेंट में ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम सी का हिस्सा हैं जिसमें दो युवा तेज गेंदबाज अंशुल खंबोज और हिमांशु चौहान भी शामिल हैं। मोहम्मद सिराज और जडेजा टीम बी में शामिल होंगे जिसमें पंत, यशस्वी जायसवाल और वाशिंगटन सुंदर भी शामिल हैं जबकि शुभमन गिल टीम ए की अगुआई करेंगे जिसमें कुलदीप, केएल राहुल, शिवम दुबे और रियान पराग मौजूद हैं।

पराग के अलावा गोलपारा में जन्मे आकाश सेनगुप्ता टूर्नामेंट में खेलने वाले असम के अन्य क्रिकेटर हैं। वह टीम डी का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व श्रेयस अय्यर करेंगे और इसमें ईशान किशन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह अन्य खिलाड़ी भी शामिल होंगे। पेट के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव अभी तक फिट नहीं हो पाए हैं और इस टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे। नीतिश कुमार रेड्डी की भागीदारी भी फिटनेस पर निर्भर है।

सिनेमा

## 'स्त्री 2' का पहले ही दिन बड़ा धमाका, श्रद्धा कपूर की फिल्म को मिली साल की सबसे बड़ी ओपनिंग



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' का ट्रेलर देखने के बाद ही सभी को ये उम्मीद होने लगी थी कि ये फिल्म कमाल करने वाली है. 2018 में आई 'स्त्री' ने जो कमाल किया था, ये अनुमान लगाया जा चुका था कि सीक्वल उससे कहीं बड़ा धमाका करने वाला है. लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, गुरुवार को थिएटर्स में रिलीज हुई ये फिल्म, पहले ही दिन हर उम्मीद से बढ़कर भौकाल दिखाएगी, ये किसी ने नहीं सोचा होगा. 'स्त्री 2' ने पहले ही दिन थिएटर्स भर डाले और कई थिएटर्स में, पिछले साल के बाद से किनारे रखे 'हाउसफुल' के बोर्ड्स निकल आए. फिल्ममेकर दिनेश विजन के यूनिवर्स में 'स्त्री 2' सबसे बड़ी फिल्म बनने के लिए तैयार है. श्रद्धा और राजकुमार की फिल्म का टीजर आने के बाद से ही माहौल बनने लगा था. ट्रेलर और गानों के बाद तो ये साफ़ दिखने लगा कि 'स्त्री 2' के लिए थिएटर्स में जनता की भीड़ जुटने वाली है. इसका पहला अंदाजा फिल्म की एडवांस बुकिंग ने ही दे दिया था. सैकनिल्क के अनुसार पहले दिन के लिए 'स्त्री 2' के 8 लाख से ज्यादा टिकट एडवांस में बुक हो चुके थे और फिल्म ने इससे 23 करोड़ रुपये से ज्यादा एडवांस ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया था.

## Highlights

1. **BJP has neither been secular nor civil: Kapil Sibal on PM's remark**
2. **CBI questions 5 RG Kar hospital doctors over doctor's rape-murder**
3. **ISRO launches earth observation satellite aboard its tiniest rocket**
4. **RG Kar College Principal loses cool on students, says 'Don't expect anything from me'**
5. **Surprised there is woman CM & she is silent: Chirag on rape-murder**

# X ordered to pay ₹5 crore to employee fired for not replying to Elon Musk's email

**NEW DEIHI, (Agency).** Twitter, now rebranded X, has been ordered to pay compensation to a former employee in an unfair dismissal case. The social media platform has been asked to pay 550,000 euros ( ₹5 crore approximately) to Gary Rooney, who was fired in December 2022 after Elon Musk's takeover of the company.

According to a report in Fortune, Rooney had been working at Twitter's Ireland unit since September 2013. On Tuesday, Ireland's Workplace Relations Commission held that he had been unfairly dismissed in December 2022 and ordered X to pay him 550,000 euros. This is the largest sum ever awarded by the agency.



What led to the dismissal

In November 2022, shortly after his takeover of Twitter, Elon Musk sent a company-wide email demanding employees commit to working "long hours at high intensity" or receive "three months of severance." Employees, including Rooney, were given one day to click "yes" on the email to accept the new working conditions laid out by Musk, who was then acting as CEO of Twitter.

In the email, Musk wrote: "If you are sure that you want to be part of the new Twitter, please click yes on the link below." He said that employees who did not do so would receive three months of severance pay.

X argued that Rooney had resigned voluntarily after failing to click "yes" on Elon Musk's ultimatum.

The Irish Workplace Relations Commission, however, refused to buy this argument. "It is not OK for Mr. Musk, or indeed any large company to treat employees in such a manner in this country or jurisdiction. The record award reflects the seriousness and the gravity of the case," the complainant's solicitor Barry Kenny told Bloomberg.

# Saraswati Saree Depot IPO allotment: How to check status on Bigshare Services, BSE

**NEW DEIHI, (Agency).** The allotment for Saraswati Saree Depot's Initial Public Offering (IPO) is scheduled to be finalised today (August 16). The issue closed for subscription on August 14 and was subscribed 107.39 times by the final day as Non-Institutional Investors (NIIs) subscribed 358.47 times, followed by Qualified Institutional Buyers (QIBs) at 64.12 times and retail investors




at 61.9 times.

Those who have applied for the IPO can check the allotment status online on the website of the registrar which is Bigshare Services Pvt Ltd. Alternatively, investors can also check the allotment status on the BSE website. Here are the direct links to access the allotment status of Saraswati Saree Depot IPO:

Saraswati Saree Depot IPO details- The company launched its initial public offering (IPO) with a fresh issue of 6,499,800 shares worth approximately ₹104 crore. The IPO included an offer for sale (OFS) of 3,501,000 shares with a face value of ₹10 apiece, totaling around ₹56.02 crore. The IPO was available at a price band of ₹152 - 160 per share, with a lot size of 90 shares and retail investors could bid for a minimum of 90 shares, requiring an investment of ₹14,400.

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक


मध्यप्रदेश शासन
देश की आज़ादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को कृतज्ञतापूर्ण नमन
रानी लक्ष्मीबाई
चन्द्रशेखर आजाद
वीर सुरेन्द्र साए
भीमा नायक
शंकर शाह
रघुनाथ शाह
बरकतउल्ला भोपाली
रानी अवंतीबाई
टंट्या भील
तात्या टोपे
राणा बख्तावर सिंह
सीताराम कँवर
रघुनाथ सिंह मण्डलोई
78 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
चौतरफा विकास का परचम लहराता मध्यप्रदेश
युवाओं के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यावसायिक क्षमता निर्माण के लिए सभी 55 जिलों में पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रहे आयोजित
संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आहार अनुदान योजना एवं राशन आपके ग्राम जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीब और जरूरतमंदों को सहायता
मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ महिलाओं को रक्षाबंधन पर प्रतिमाह ₹1250 के अतिरिक्त ₹250 का विशेष उपहार, अब तक ₹22 हजार 924 करोड़ की सहायता, लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल
मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 83 लाख से अधिक किसानों को ₹14254 करोड़ की सहायता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
D18008/24
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़ने के लिए स्कैन करें
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी